# सूबे में स्टार्टअप शुरू करने में महिलाएं अब दे रहीं पुरुषों को कड़ी टक्कर

## कुल पंजीकृत 8,714 में से 4,305 स्टार्टअप हैं महिलाओं के

- प्रोत्साहन मिला तो महिलाएं दिखा रहीं अपनी ताकत
- महिलाओं को दिया जाता है 3.75 लाख रुपये का अतिरिक्त अनुदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : यूपी में स्टार्टअप शुरू कर खुद का उद्यम स्थापित करने में महिलाएं अब पुरुषों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। कुल पंजीकृत 8,714 स्टार्टअप में से 4,305 स्टार्टअप महिलाओं के हैं। यानी कुल स्टार्टअप में से 49.5 प्रतिशत स्टार्टअप महिलाओं के हैं। वहीं पुरुषों ने 4,409 स्टार्ट अप स्थापित किए हैं। कुल स्टार्टअप में से 50.5 प्रतिशत पुरुषों के हैं। आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग द्वारा महिलाओं को स्टार्टअप शुरू करने में दिए जा रहे 50 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान देने का बड़ा असर देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्टार्टअप नीति में महिलाओं को विशेष प्रोत्साहन देने पर जोर दिया गया और अब उसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। विशेष सचिव, आइटी एंड इलेक्ट्रानिक्स अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओं को 3.75 लाख रुपये का अतिरिक्त अनुदान दिया जाता है। वहीं 17,500 रुपये भरण पोषण भत्ता दिया जाता है। प्रोत्साहन मिलने पर





खुद का स्टार्टअप शुरू करने वाली राजधानी की अनुष्का और नेहा • सूचना विभाग

महिलाओं ने जज्बा दिखाया और वह पुरुषों से बराबरी का मुकाबला कर रही हैं। राजधानी की अनुष्का ने हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए द एनिमिस्ट अर्थ नाम से स्टार्टअप शुरू किया। खुद स्वावलंबी बनने के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार दिला रही हैं। इनके स्टार्टअप के माध्यम से अभी 100 हस्तशिल्पियों व गृहणियों के हाथ से बनाए गए उत्पादों की आनलाइन बिक्री की जा रही है। ईको फ्रेंडली उत्पादों की कीमत न्यूनतम 10 रुपये से लेकर अधिकतम 1,200 रुपये तक है। इसी तरह लखनऊ की ही नेहा अपने द फिन लिट स्टार्टअप के माध्यम से वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दे रही हैं। कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका की एक कंपनी की नौकरी छोड़कर वह लखनऊ आईं और खुद का उद्यम शुरू करने का निर्णय लिया। उन्होंने कुछ समय पहले ही मोबाइल एप भी तैयार किया है और अब तक पांच हजार लोग इसे डाउनलोड कर चुके हैं। अब वह खुद एक सफल उद्यमी बनकर उभरी हैं। ऐसे ही कई महिलाएं अपना उद्यम स्थापित कर स्वावलंबी बन रही हैं।

